हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
12 अगस्त 2024, समय 1305

निर्वाचन आयोग की टीम आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए हरियाणा के दो दिवसीय दौरे पर है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू सहित आयोग के अन्य अधिकारी विभिन्न बैठकें कर रहे हैं। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग, आज राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, ज़िला निर्वाचन अधिकारियों तथा हरियाणा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर चुनाव तैयारियों की समीक्षा कर रहा है।उन्होंने बताया कि कल आयोग पूरे राज्य में निगरानी और सतर्कता बढ़ाने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों को दिशा-निर्देश देगा। इसके अलावा निर्वाचन आयोग, अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, अन्य प्रशासनिक सचिवों तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैराथन व राहगिरी कार्यक्रम सामाजिक सद्भाव के साथ ही स्वास्थ्य सुधार में प्रेरणादायक होते हैं। राज्य सरकार की ओर से हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रम के तहत इस प्रकार के आयोजन निरंतर किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि एक दौड़-देश के नाम थीम के साथ रेवाड़ी में आयोजित हाफ मैराथन महान स्वतंत्रता सेनानी राव तुलाराम जैसे वीर शहीदों के गौरवशाली व्यक्तित्व को समर्पित है।मुख्यमंत्री कल रेवाड़ी में राव तुलाराम स्टेडियम से रेवाड़ी हाफ मैराथन को झंडी दिखाने से पहले उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हॉफ मैराथन में हजारों की संख्या में मौजूद धावकों के साथ दौड़ भी लगाई। साथ ही मुख्यमंत्री ने शहर के प्रमुख चौराहों पर स्थापित वीर सपूतों की प्रतिमाओं के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। इस अवसर पर लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल, विधायक श्री लक्ष्मण सिंह यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी हाफ मैराथन में भागीदारी की।

मुख्यमंत्री ने शहर के राव तुलाराम स्टेडियम में पहुंचकर अमर शहीद राव तुलाराम के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की और स्टेडियम में वीर सपूत राव तुलाराम की प्रतिमा लगवाने की घोषणा की।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने पानीपत की सब्जी मंडी में कल एक जनसभा को संबोधित किया।राज्यसभा सांसद ने प्रदेश में। रोज़गारी बढ़ने का आरोप लगाया और युवाओं के विदेशों में जाने के लिए सरकार को ज़िम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर हरियाणा में खाली पडे सभी पदों पर पक्की भर्ती की जाएगी और युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि 2022 तक किसानों की आमदनी दो गुणा करने का वादा पूरा नहीं किया गया ।

पेरिस ओलंपिक भव्य समारोह के साथ कल सम्पन्न हो गए। भारत 6 पदकों के साथ, पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा। भारतीय खिलाडियों ने एक रजत और पांच कांस्य पदक सहित कुल 6 पदक हासिल किये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में सभी खिलाडियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है।एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक में पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री ने खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने पेरिस ओलिंपिक खेलों में दस मीटर के मिक्स पिस्टल शूटिंग इवेंट में कांस्य पदक जीतने वाले हरियाणा के शूटर सर्वजोत सिंह को पंजोखरा साहिब गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में सवा लाख रुपए का चैक, सिरोपा और श्री साहिब भेंट कर सम्मानित किया। सर्वजोत को यह सम्मान गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान भूपिंदर सिंह असंध धर्म प्रचार समिति के प्रधान जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल तथातथा बीबी रविइंर कौर द्वारा प्रदान किया गया।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस में पुरुष सिपाही (सामान्य ड्यूटी) के 5000 पदों के लिए आयोजित की गई शारीरिक मापदंड परीक्षा (पीएमटी) के बाद अब शारीरिक जाँच परीक्षा (पीएसटी) का कार्यक्रम तय कर दिया है।उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों ने पीएमटी परीक्षा उत्तीर्ण की थी, उनका पंजीकरण नंबर आयोग के वेबसाइट WW.hssc.gov.in उपलब्ध है। उन्होंने उम्मीदवारों से अपनी परीक्षा तिथि का नियमित रूप से अवलोकन करते रहने की अपील अपील की है ।श्री हिम्मत सिंह ने बताया कि पुरुष सिपाहियों की शारीरिक जाँच परीक्षा के बाद 1000 महिला सिपाहियों कीइस परीक्षा का कार्यक्रम जारी किया जाएगा।उन्होंने बताया कि हरियाणा पुलिस

में पुरुष व महिला सिपाहियों के कुल 6000 पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जा रहीहै।शारीरिक मापदंड परीक्षा व अन्य प्रक्रिया पूरी करने उपरांत अंतिम परिणाम घोषित किया जाएगा।